पंजाब केसरी 17/12/2025

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025' से सम्मानित

अम्बाला, 16 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज को शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह एन.डी.एम.सी. कन्वैंशन सैंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समारोह के मुख्य अतिथि थे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, नैक एवं एन.बी.ए. के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. टी.जी. सीतार विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि यह सम्मान गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयासों की सशक्त पहचान है। डॉ. दत्त ने कहा कि उनके कॉलेज ने शिक्षा के माध्यम से संस्कारवान, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्त नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों और सामाजिक समरसता के प्रति प्रेरित किया है।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, सामाजिक सेवा गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा कर रहा है। यह उपलब्धि कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।